डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 87 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | शुक्रवार 05 जनवरी 2024 | मूल्य 2 रुपया

हार्ट केयर
श्री सिद्धि विनायक
अब नियमित सेवाएं मंदसौर में उपलब्ध
हृदय रोगों के उपचार में अंचल का जाना पहचाना नाम
हृदय रोग विशेषज्ञ



डॉ. पवन मेहता
MBBS, M.D. (Medicine) I DM (Cardiology)
Consultant Interventional Cardiology
परामर्श समय -
प्रतिदिन प्रातः 10:00 से सायं 5:00 बजे तक
12, दशपुर कुंज रोड, सिविल हॉस्पिटल के सामने, मंदसौर (म.प्र.) 07422-490333

# दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे पर कंट्रोल से बाहर स्पीड

## लोगों ने एक्सीलेटर को बना दिया मजाक, स्पीड मीटर की नजर से नहीं बच पा रहे, परिवहन विभाग घर भेजेगा चालान

**मंदसौर, 4 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** हाल ही में दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस वे पर सड़क हादसे देखने को मिले। इसमें कहीं न कहीं स्पीड भी जिम्मेदार है। ऐट लेन पर कई लोग गाड़ी के एक्सीलेटर से खेलकर जान से खिलवाड़ कर रहे हैं। स्पीड नियमों का उल्लंघन सड़क हादसे को दावत दे रहा है। हालांकि स्पीड की नजर से एक्सीलेटर से खेलने वाले नहीं बच पा रहे है। कंपनी ने परिवहन विभाग को वाहन चालकों की लिस्ट दी है। अब परिवहन विभाग इन पर चालानी कार्रवाई करेगा।

### निर्धारित है वाहनों की स्पीड...

दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे 20 सितंबर से एक्सप्रेस वे पर यातायात शुरु किया गया था। एक्सप्रेस वे पर यातायात केवल मध्यप्रदेश से जाने वाले एक्सप्रेस शुरु किया गया था। मंदसौर, रतलाम और झाबुआ जिले से यह एक्सप्रेस वे गुजर रहा है। मध्यप्रदेश से गुजर रहे इस रूट की लंबाई 244.5 किलोमीटर है। एक्सप्रेस वे के अधिकारियों के मुताबिक ट्रक और बस की स्पीड 100 किलोमीटर प्रति घंटा तय कर रखी है। वहीं कार की स्पीड 120 तय कर रखी है। इसके साथ ही कौन सा वाहन कहां चलेगा। यह भी तय है। अधिकारियों के मुताबिक प्रतिदिन 8 से 10 हजार वाहन इस एक्सप्रेस वे पर अभी गुजर रहे है।

### स्पीड मीटर से चलता है अधिकारियों को पता...

वाहनों की स्पीड पर नियंत्रण रखने के लिए पूरे मार्ग पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए है। साथ ही एक्सप्रेस-वे पर स्पीड मीटर लगे हुए है। इससे कोई भी तय सीमा से अधिक स्पीड पर वाहन चलाएगा तो उसके नंबर ट्रेक हो जाते है। इसके बाद उसके नंबरों की जानकारी संबंधित अधिकारियों द्वारा ली जाती है। अधिकारियों ने बताया कि कई वाहन चालकों के नंबर अधिक स्पीड चलाने वाले में ट्रेक हुए है। इन सभी पर चालानी कार्रवाई के लिए परिवहन अधिकारी को इनके नंबर दिए है।

### इनका कहना...

मानक स्पीड से अधिक वाहन चलाने पर नंबर ट्रेक किए गए है। परिवहन अधिकारी को चालानी कार्रवाई के लिए सूची दे दी गई है।

**रवींद्र गुप्ता**
**इंचार्ज दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे**



### इतना लग रहा है टोल...

एक्सप्रेस-वे में टोल की दरें उस हिस्से- में आई लागत के आधार पर निर्धारित की गई है। जिस खंड में पुल-पुलिया और इंटरचेंज अधिक है, वहां टोल ज्यादा देना है। नीमथूर से चलने वाली कार को टिमरवानी में उतरने पर 520 रुपये लिया जा रहा है। ट्रक बस के लिए यही दर 1760 रुपये है। नीमथूर से गरोठ जाने के लिए 60 रुपये टोल है। हालांकि टोल की दरे कार, बस, ट्रक, मल्टी एक्सल व बड़ी साइज वाले वाहनों के लिए अलग-अलग है। कार व हल्के वाहनों के लिए टोल 2.20 रुपये से 2.25 रुपए प्रति किमी तक वसूला जा रहा है। ट्रक के लिए यह 7 से 7.35 रुपये प्रति किमी के करीब है।



# नरसिंगघाट नाले से भूमाफिया ने कथित रूप से स्वयं हटाया अतिक्रमण?

## आज नगर पालिका द्वारा पुलिस के सहयोग से हटाया जाना था कब्जा

**मंदसौर, 4 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** नरसिंग घाट नाले के किनारे किए गए अतिक्रमण को कॉलोनाइजर ने गुरुवार को खुद ही तोड़ना शुरू कर दिया। नगर पालिका के नोटिस के बाद उसने निर्माण को खुद ही धराशायी किया है। नगर पालिका सीएमओ सुधीर कुमार ने कहा कि संबंधित को नोटिस दिया था। शुक्रवार को अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जानी थी। लेकिन, गुरुवार को ही अतिक्रमणकर्ता ने खुद ही कथित रूप से अतिक्रमण को हटा लिया।

दरअसल भागवत नगर के पास नृसिंह घाट अखाड़े के पीछे सर्वे नंबर-1209, 1210, 1211, 1218, 1219, 1220, का 1221 की कुल 0.394 हेक्टेयर भूमि पर गौतम विहार कॉलोनी विकसित की रह जा रही हैं। यहां करीब 80 फीट चौड़ा नाला है। नाले पर करीब 20 फ़ीट अतिक्रमण कर कॉलोनाइजर ने नाले की जमीन पर नक्शे में बगीचा और सडक बनाई जा रही है। एसडीएम शिवलाल शाक्य ने अपनी टीम से नपती करवाकर नपा सीएमओ को कहा था कि मौके पर 3100 स्क्वायर फीट नाले पर अतिक्रमण है। इसे तत्काल तोड़ा जाए। नियमानुसार किसी भी नाले के 9 मीटर के आस-पास निर्माण नहीं किया जा सकता है। नगर पालिका रिकार्ड के अनुसार नरसिंह घाट अखाड़े के पास नाला बहता है। भूमाफियाओं ने पूरे नाले पर अतिक्रमण कर इसे नाली में परिवर्तित कर दिया है। मामलें में वार्ड के पार्षद गोवर्धन कुमावत ने शिकायत की थी। हालांकि, बाद में शिकायत वापस लेने की जानकारी मिली थी। उल्लेखनीय है की मीडिया में मामला छाने के बाद प्रशासन ने कार्यवाही की तैयारी की थी। इधर, अभी भी यह कहा जा रहा है की कॉलोनाइजर ने पूरा अतिक्रमण हटाया है या नहीं, यह भी देखा जाना चाहिए। कहीं ऐसा तो नहीं की प्रशासन की कार्यवाही रोकने के लिए केवल दिखावे हेतु कथित अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही बताई गई हो?

### अवैध निर्माण करने और एमओएस नहीं छोड़ने वाले को मिलेगी राहत...

# समझौता शुल्क जमा कराने पर अवैध आवास होगे वैध

**मंदसौर, 4 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** बिना मंजूरी के बने मकानों के संबंध में प्रदेश सरकार द्वारा बड़ा फैसला लिया गया है। हालांकि इस पर प्रदेश के नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की अंतिम मुहर लगना बाकी है। इसके अनुसार ऐसे अवैध आवास निर्माण को वैध किया जा सकता है। जो कि बिना अनुमति के 30 प्रतिशत अधिक निर्मित कर लिए गए हैं। ऐसे अवैध निर्माणों को सरकार द्वारा समझौता शुल्क लेकर वैध किए जाने की तैयारी की जा रही है।

### कई लोग नहीं करते नियमों का पालन...

शहर ही नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश में कई जगहों पर मकान निर्माण का काम तेजी से चल रहा है। नए निर्माण के पहले विधिवत अनुमति लेने का प्रावधान है। लेकिन, कई लोग इसका पालन नहीं करते। लाखों लोग बिना मंजूरी के ही मकान बना लेते हैं। मंदसौर जिले की बात करें तो ऐसे सैकड़ो मकान है, जिन्हें बिना किसी अनुमति के बना लिया गया है। हालांकि ऐसे लोगों को हमेशा कानून का खौफ भी सताते रहता है। मकान मालिको को डर लगा रहता है कि कहीं सरकार इनपर बुलडोजर न चला दे।

### बढ़ाया जा रहा है समझौता शुल्क...

प्रदेश में अभी बिना अनुमति 10 प्रतिशत तक अवैध निर्माण को समझौता शुल्क देकर वैध किए जाने का प्रावधान लागू है। अब इसे बढ़ाकर 30 प्रतिशत करने की तैयारी चल रही है। सीएम मोहन यादव भी भवन अनुज्ञा और कंपाउंडिंग की नियम प्रक्रिया को सरल करने के निर्देश दे चुके हैं। जानकारी के अनुसार राज्य में पहले बिना अनुमति 30 प्रतिशत अधिक आवास निर्माण को वैध करने का ही प्रावधान लागू था। लेकिन, बाद में इसे दस प्रतिशत कर दिया गया था। इसे फिर 30 प्रतिशत करने के संबंध में पिछली सरकार के मंत्री भूपेंद्र सिंह ने नोटशीट भेज दी थी। हालांकि तब निर्णय नहीं हो सका था। सीएम मोहन यादव ने जब नगरीय विकास एवं आवास विभाग की समीक्षा करते हुए नियम-प्रक्रिया को सरल बनाने के निर्देश दिए, तब इसे फिर आगे लाया गया।

# थानों की सीमा ठीक नहीं रखी, ग्रामीणों को होती है परेशानी

## गृह विभाग ने सीमा और क्षेत्र का नोटिफिकेशन कर भेजने का आदेश दिया

### पूर्व विधायक सिसौदिया ने भी लिखा था पुलिस कप्तान को पत्र

**मंदसौर, 4 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश गृह विभाग द्वारा एक आदेश जारी कर सभी जिलों के कलेक्टरों, पुलिस अधीक्षकों, पुलिस आयुक्तों और जिला अभियोजन अधिकारियों से कहा गया है कि पिछले समय में थानों के सृजन के साथ थानों की सीमा और अधिकार क्षेत्र को लेकर सही तरीके से काम नहीं किया गया है। शासन ने यह काम कलेक्टर की अध्यक्षता वाली समिति को सौंप रखा है। इसलिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए जाते हैं कि 30 जनवरी तक थानों की सीमाओं और उनके अधिकार क्षेत्र का सही तरीके से निर्धारण कर 7 फरवरी तक इसका नोटिफिकेशन करके शासन को सूचना दें। इधर इस मामले में विधायक यशपालसिंह सिसौदिया ने भी मंदसौर पुलिस कप्तान को पत्र लिखा था।



गृह विभाग द्वारा जारी आदेश में कहा है कि जिलों के भीतर थानों और चौकियों की सीमाओं के निर्धारण का अधिकार कलेक्टर की अध्यक्षता वाली जिला स्तरीय समिति को है। इसमें जिले के पुलिस कप्तान के साथ जिला अभियोजन अधिकारी शामिल होते हैं। पुलिस विभाग द्वारा आवश्यकता के मुताबिक विभिन्न जिलों में थानों का सृजन किया है। लेकिन थानों के सृजन के बाद उनकी सीमाओं के पुनर्निर्धारण के संबंध में समुचित विचार नहीं किया है। थानों की सीमा और अधिकार क्षेत्र का पुनर्निर्धारण करते समय थानों की पारस्परिक अपराध संख्या और अगर कोई विशेष स्थानीय परिस्थितियां हों तो उन्हें भी दृष्टिगत रखना होगा। इसलिए इसे पूरा करके नोटिफाई कराया जाए।

आदेश में कहा गया है कि यह काम पहली प्राथमिकता में किया जाए। 30 जनवरी 2024 तक यह काम करने के निर्देश जिलों को दिए गए हैं। इसके पूर्व 30 जुलाई 2010 और 11 अक्टूबर 2004 को इसको लेकर निर्देश जारी किए गए थे। गृह विभाग ने कलेक्टरों को ताजा निर्देशों के साथ पूर्व में जारी किए गए निर्देश भी भेजे हैं और इसके आधार पर थानों की सीमा की नोटिफिकेशन कार्यवाही करने के लिए कहा है।

### पूर्व विधायक सिसौदिया का कहना...

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता और पूर्व विधायक यशपालसिंह सिसोदिया के प्रयासों से अपनी शिकायत और समस्याओं के लिए नागरिको को थाने तक पहुंचने के लिए लंबी दूरी तय नही करना पड़ेगी। बल्कि, गांव के नजदीक के थाने से ही गांव जुड़ेंगे। नागरिको की सुविधा को लेकर श्री सिसोदिया ने पुलिस कप्तान अनुराग सुजानिया कों पत्र लिखा और कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने निर्देश एवं आदेश जारी किये है कि प्रदेशभर के थानो और चौकियों की सीमाओं का पुन: .... शेष पेज 4 पर

# रामलला, निषादराज, शबरी पर जारी होगे डाक टिकट, अतिथियों को आमंत्रण पत्र के साथ आधार कार्ड दिखाना होगा

**अयोध्या, 4 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** देश की सांस्कृति क राजधानी उत्तरप्रदेश के अयोध्या के भव्य निर्माणाधीन राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दिन 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रामलला, शबरी व निषादराज के डाक टिकट भी जारी करेंगे। इनकी कीमत 50 रुपए होगी। यह जानकारी प्रवर डाक अधीक्षक एचके यादव ने दी है। इससे पहले 5 अगस्त 2020 को पीएम ने रामजन्मभूमि का डाक टिकट जारी किया था।

सूत्रों के अनुसार प्राण प्रतिष्ठा का मुख्य कार्यक्रम एक घंटे चलेगा। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी उपस्थित रहेंगें। ट्रस्ट की ओर से भेजे गए निमंत्रण कार्ड में प्राण प्रतिष्ठा का वक्त 11.30 से 12.30 दिया गया है। शुभ मुहूर्त 12.20 बजे का है। दोपहर 12 बजकर 29



मिनट पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राम लला को दर्पण दिखाएंगे। कार्यक्रम में शामिल होने वाले अतिथियों को आमंत्रण पत्र के साथ आधार कार्ड भी दिखाना होगा। उनका सामान, मोबाइल व बैग रखने के लिए 12 हजार लॉकर भी बनाए गए हैं। प्राण प्रतिष्ठा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, आरएसएस के सर-संघचालक मोहन भागवत, राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास उपस्थिति रहेंगे। सुरक्षा कारणों से कार्यक्रम में अतिथियों को 11 बजे के पहले अपने स्थान पर बैठना होगा। प्रवेश स्थान पर आमंत्रित अतिथियों के फोन, कैमरा, चरण पादुका के सुरक्षित रखने की व्यवस्था रहेगी। बाहर आते समय यह सामान उसी स्थान पर वापस मिलेगा। कार्यक्रम स्थल पर बैठने के स्थान पर ही अल्पाहार और भोजन की व्यवस्था रहेगी। निमंत्रण पत्र के साथ आधार कार्ड भी ले जाना होगा।

### 16 जनवरी से शुरु हो जाएगा प्राण प्रतिष्ठा समारोह...

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन 16 जनवरी से शुरू हो जाएगा। 18 जनवरी को रामलला की चयनित नई प्रतिमा को नगर भ्रमण कराया जाएगा। यह नगर भ्रमण करीब 4 से 5 किमी का हो सकता है। हालांकि ट्रस्ट की ओर से इस बारे में कोई अधिकृत जानकारी नहीं दी गई। सुरक्षा कारणों के चलते आम भक्तों के लिए 3 दिन यानी 20- 21 व 22 जनवरी को मंदिर दर्शन के लिए बंद रहेगा।

### 12 हजार लॉकर बनाए गए...

राम मंदिर में भक्तों की सुविधाओं को देखते हुए करीब 12 हजार लॉकर बनाए जा रहे हैं। इसमें करीब 1 लाख श्रद्धालुओं के सामान को रखा जा सकेगा। ट्रस्ट के सदस्य डॉ अनिल मिश्र ने बताया कि पब्लिक फैसिलिटी सेंटर में सभी सुविधाएं निशुल्क मिलेंगी। फैसिलिटी सेंटर का ट्रायल 8 जनवरी से शुरू हो जाएगा। फैसिलिटी सेंटर में सुरक्षा को ध्यान में रखकर निर्माण किया जा रहा है, इसके लिए ट्रस्ट काम कर रहा है। जहां फैसिलिटी सेंटर बन रहा है, वहां सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम होंगे। सबसे पहले यहां आने वाले यात्रियों के सामानों को स्कैन किया जाएगा। इसके लिए बूथ भी बनाए जा रहे हैं। पूरा कैंपस सीसीटीवी कैमरे से लैस रहेगा।

### एक दिन के उपवास पर रहेंगे पीएम मोदी...

अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होगी। इस कार्यक्रम के मुख्य यजमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस दिन उपवास रखेंगे। वह सरयू नदी में स्नान भी कर सकते हैं। मुख्य यजमान के लिए व्रत रखना जरूरी है। पीएम मोदी ने राम मंदिर के भूमि पूजन के दौरान भी व्रत रखा था।



# शीतलहर से फसलों के पत्ते पड़े पीले, उत्पादन पर असर पड़ने की आशंका

**मंदसौर, 4 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** बीते तीन दिनों से शीतलहर चलने के कारण जिले में कड़ाके की ठंड के साथ कोहरे और पाले का असर है। इससे किसान फसलों में नुकसान की आशंका जाता रहे हैं। ज्यादा असर अफीम, इसबगोल, चना जैसी फसलों में पड़ने की आशंका है। इन दिनों अफीम की फसल पर फूल और डोडे आने लगे हैं।

किसानों का कहना है कि दो तीन दिन पाला गिरने से अफीम की फसल के पत्ते पिले हो गए, वही फूल से निकल रहा डोडा भी काला पड़ने लगा है, इससे अफीम उत्पादन कम होगा। डिगांव माल्या के किसान रामलाल ने बताया की पाला गिरने से अफीम सहित गेंहू, चना, मेथी जैसी फसलें खराब होने लगी है। गणपत लाल आंजना ने बताया की ज्यादा ठंड के कारण पाला गिरने से उनकी डेढ़ बीघा जमीन खेती में जीरा की फसल में नुकसान हुआ है। किसानों का कहना हे की पाला गिरने व धूप नहीं निकलने से फसलों में सड़न आने लगी है। वहीं ऐसी फसल जिनमें फूल आ गए हैं, उनका उत्पादन कम हो सकता है।

# जल्द होंगे प्रशासन व पुलिस के मुखियाओं के तबादले

**भोपाल, 4 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश में अगले दो दिनों में कई जिलों के कलेक्टर और पुलिस कप्तान बदले जाएंगे। यह पदस्थापना मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ नव नियुक्त मंत्रियों की तवज्जो को ध्यान में रखते हुए की जाएगी। पिछले एक सप्ताह में सरकार 6 जिलों के कलेक्टर और दो जिलों के पुलिस कप्तान अर्थात एसपी बदल चुकी है। इसके साथ ही फील्ड में पदस्थ राज्य पुलिस सेवा और राज्य प्रशासनिक सेवा के अफसरों के भी तबादले हो सकते हैं। इसके साथ ही कुछ संभागों के आयुक्त और रेंज आईजी व डीआईजी भी बदले जा सकते हैं। आईजी और डीआईजी के प्रमोशन के बाद तबादले ड्यू भी हैं।

### अन्य जिलों में भी जल्द बदलेंगे अफसर...

चुनाव आयोग ने 6 जनवरी से 8 फरवरी के बीच लोकसभा चुनाव के लिए मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्यक्रम तय किया है। इसके चलते सरकार इस एक माह की अवधि में चुनाव से सीधा संबंध रखने वाले कलेक्टर, अपर कलेक्टर, संयुक्त कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर, तहसीलदार और नायब तहसीलदार को नहीं हटा सकेगी। इसलिए माना जा रहा है कि 05जनवरी तक इस कैडर के अधिकारियों के तबादले किए जा सकते हैं। जिसमें कलेक्टर से लेकर नायब तहसीलदार कैडर के अधिकारी प्रभावित हो सकते हैं। इसी तरह चूंकि चुनाव आयोग ने 30 जून 2024 को पिछले चार साल की अवधि में तीन साल एक ही जिले में पूरे करने वाले अफसरों को हटाने के लिए कहा है। इसलिए पुलिस अधीक्षकों से लेकर एएसपी, सीएसपी, डीएसपी, एसडीओपी और टीआई स्तर के अधिकारियों के स्थानांतरण भी सरकार इसी महीने करने वाली है।

# पांच मोर का किया था शिकार, 3 आरोपी गिरफ्तार

## वन विभाग ने दबोचा, पकाकर खाने की थी तैयारी

**मनासा, 4 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** समीपस्थ रामपुरा थाने के गांव जन्नोद में राष्ट्रीय पक्षी मोर को पकाकर खाने की तैयारी में 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस व वन विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपियों को पकड़ा है। वहीं एक महिला सहित कुछ आरोपी अभी फरार है। पुलिस ने तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से 5 मृत मोरों को बरामद किया है।

मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार तीनों आरोपियों पर जीव संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 40, 41,51 के तहत कार्रवाई की गई है। मोरों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। ग्रामीणों के अनुसार जन्नोद के पास जंगल में मथुरालाल के खेत के बाहर कुछ लोग डेरा डाले हुए थे। ये लोग मोर के पंखों को छीलकर उसे पकाने की तैयारी कर रहे थे। उनकी गतिविधियां संदिग्ध लगने पर ग्रामीणों ने हकीकत जानने के लिए उन्हें घेर लिया। जब देखा तो उसके पास 5 मरे हुए मोर थे। इस पर ग्रामीणों ने पुलिस और वन विभाग की टीम को इसकी सूचना दी। हालांकि इस दौरान एक महिला सहित कुछ लोग वहां से फरार हो गए। फिर मौके पर पहुंची टीम ने 3 आरोपियों लेखराज उम्र 18 साल, गिरिराज उम्र 25 साल और शवराम उम्र 50 साल को पकड़ लिया और उन्हें थाने लेकर पहुंची।

रामपुरा वन विभाग रेंजर भानु प्रताप सिंह ने बताया कि तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर रामपुरा थाने पर रखा गया है। शुक्रवार को उनका मेडिकल करवाकर आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं सभी मोरों का पोस्टमार्टम किया जाएगा। जबकि, फरार आरोपियों के संबंध में पूछताछ की जा रही है और उन्हें भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### गांव-गांव भ्रमण कर दिखाते है खेल...

पुलिस व वन विभाग की टीम ने पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह गांव-गांव भ्रमण कर खेल दिखाते हैं। इसी तरह परिवार का भरण पोषण करते हैं। वह बुधवार शाम को गांव में खेल दिखा रहे थे। उसके साथ कुछ छोटे बच्चे है, उन्हें कहीं मरे मोर मिले थे तो अपने साथ ले आए। आरोपियों का कहना है कि हमने कुछ नहीं किया।

# गुरुवार को रही शहर में कोहरे से राहत

**मंदसौर, 4 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के चलते चार दिनों से मौसम बदला हुआ है। बुधवार को सीजन के सबसे ठंडा दिन रहा। घने कोहरे ने परेशानी बढ़ाई इससे विजिबिलिटी 50 जे 500 मीटर तक रही। कोहरे की वजह से वाहन चालकों को परेशानी हुई। वहीं सर्द हवाओं ने लोगों को घरों में दुबकने पर मजबूर कर दिया। बाजारों में लोग अलाव का सहारा लेते नजर आए। हालांकि गुरुवार को कोहरे से हल्की राहत मिली।

अंचल में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री और अधिकतम तापमान 22 डिग्री के आसपास बना हुआ है। इसके साथ ही दोपहर में बादलों के बीच से सूरज निकल आया। लेकिन ठंड का असर और ज्यादा बढ़ गया। बादलों के छटते ही ठंडी हवाओं का दौर और तेज हो गया। मौसम जानकारों के अनुसार 29 दिसम्बर से वेस्टर्न डिस्टर्बेंर्स एक्टिव हुआ था। इसके असर में मौसम में बदलाव आया। अब कोहरे से राहत मिलने की संभावना है। लेकिन, ठंड का असर कम नहीं होगा। बादल छंटने के बाद ठंड और बढ़ेगी। मौसम जानकारों के अनुसार 15 जनवरी तक ठंडी हवाएं चलेगी। इससे ठंड का असर ज्यादा रहेगा।





# संकल्प से सिद्धि होती है और संस्कार से संसार बनता है

## जीवन प्रबंधन विशेषज्ञ विश्व विख्यात विदुषी वक्ता शिवानी बहन ने कॉलेज ग्राउंड में दिया व्याख्यान

**मंदसौर, 4 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** प्रत्येक मनुष्य को अपने जीवन में अनेकों बार यह अनुभव होता है कि जब भी वह किसी संकट या कष्ट में रहा तभी किसी ने फरिश्ता बनकर बिना स्वार्थ उसकी मदद की। तो हमें भी ऐसे ही निस्वार्थ होकर अपनों के जीवन में जब भी उन्हें कोई तकलीफ या कष्ट हो फरिश्ता बनकर मदद करना चाहिए। यही जीवन मूल्य हैं। यदि आप ऐसा करेंगे तो आपकी आत्मा को ऊर्जा प्राप्त होगी जो आपके जीवन को सही दिशा की ओर अग्रसर करेगी और आपकी यही आत्मिक ऊर्जा पूरे जीवन पथ को आलोकित करती रहेगी।

यह उद्गार व्यक्त किए जीवन प्रबंधन विषय की विश्व विख्यात प्रवक्ता ब्रह्माकुमारी शिवानी दीदी ने। आप राजयोग साधना केंद्र ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की स्थानीय शाखा आत्म कल्याण भवन के तत्वावधान में कॉलेज ग्राउंड में आयोजित वृहद व्याख्यान सभा को संबोधित कर रहीं थीं। आपने कहा कि शांति की शक्ति असीम होती है आप जब भी अपने मन को शांत करेंगे आपके अंदर एक अलग तरह का वाइब्रेशन होगा जो आपके आत्मबल को मजबूत करेगा। आज जिस युग में हम जी रहे हैं यह घोर कलयुग है क्योंकि जिस युग में धर्म के नाम पर युध्द होते हैं मासूम बच्चों को निर्ममता से मारा जाता हो वह कलयुग ही हो सकता है। हमें कलयुग से सतयुग में आना है। जिस तरह अंधेरी रात के बाद उजाले को लेकर सुबह आती है वैसे ही इस घोर कलयुग के बाद सतयुग भी आएगा और हम अपने सद्गुणों से सतयुग लाएंगे। शिवानी दीदी ने कहा कि हमारी आत्मा शक्तिमान होती है और परमात्मा सर्वशक्तिमान होते हैं। आज पूरे विश्व की निगाहें भारत पर है। भारत में ही विश्व गुरु होने की क्षमता है। आपने कहा कि जो धन हमारे हमारे घर में आ रहा है वह पवित्र होना चाहिए तभी हमारा अन्न पवित्र होगा और अन्न पवित्र होगा तभी मन पवित्र होगा। शिवानी दीदी ने कहा कि मनुष्य को सदैव शाकाहारी होना चाहिए। अन्य जीवों को मारकर खाना हमारे जीवन को कभी भी सुखी और शांत नहीं रख सकता। आरंभ में ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय इंदौर झोन की क्षेत्रिय निदेशिका हेमलता दीदी, सांसद सुधीर गुप्ता विधायक विपिन जैन ,पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया ने शुभकामनाएं व्यक्त की। भिलाई झोंन निदेशिका आशा दीदी, नगर पालिका अध्यक्ष रमादेवी गुर्जर, पूर्व मंत्री व मंदसौर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति नरेन्द्र नाहटा और मोटिवेशनल स्पीकर शक्तिराज सिंह भी मंचासीन थे। व्याख्यान सभा का शुभारंभ शिवानी दीदी और मंचासीन सभी अतिथियों ने मंगलदीप प्रज्वलित कर किया। स्वागत उद्बोधन स्थानीय आत्म कल्याण भवन राजयोग साधना केंद्र की संचालिका उषा बहन ने दिया।

शिवानी दीदी और अतिथियों का स्वागत ब्रह्मकुमारी हेमा बहन, उर्मिला बहन आदि ने किया। युगरतन भाई ने सुंदर गीतों किं प्रस्तुति दी। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव और एसपी अनुराग सुजानिया ने भी आयोजन स्थल पर पहुंचकर शिवानी दीदी से भेंट कर उनके प्रति सम्मान व्यक्त किया। संचालन ब्रह्माकुमारी छाया बहन ने किया।व्यक्ति अपने जीवन में खुशी कैसे कायम रखे यह मनुष्य के हाथ में ही है। सांसद सुधीर गुप्ता संबोधित करते हुए कहा कि मन्दसौर में खुशिया लेकर दीदी शिवानी आई है। आध्यात्मिक जगत में आपका नाम ही एक आंदोलन है आपकी उपस्थिति मनुष्य को प्रेरणा देती है और भारत को वास्तविक भारत बनाती है। आपने कहा कि समाज जीवन मे जनकल्याण के लिए एक भी कदम बिना अध्यात्म के नही है। कठिनाई के दौर में शिवानी दीदी रास्ता है, पथ प्रदर्शक है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता यशपालसिंह सिसोदिया ने कहा कि मन्दसौर संस्कार और संस्कृति की नगरी है, संकल्पो का शहर है जहां आज शिव, शिवना और शिवानी दीदी के रूप में त्रिवेणी संगम हुआ है। सिसोदिया ने मंदसौर के नन्हे बालक गीत शर्मा के प्रति शिवानी दीदी का ध्यान आकर्षित कराया और कहा कि मन्दसौर की इस नन्ही प्रतिभा ने अपने नानाजी से प्रेरणा ली, नानाजी ने जब अपना देहदान किया तो नन्हे बालक ने भी संकल्प लिया कि जब भी मेरा जीवन पूरा होगा अपना देहदान करूँगा। गीत शर्मा के इस संकल्प को सुनकर शिवानी दीदी ने तत्काल मंच पर बुलाया और सम्मान किया। उल्लेखनीय है गीत तबला वादक भी है जिसने हाल ही में ग्वालियर में आयोजित तानसेन समारोह के माध्यम से गिनीज बुक में नाम दर्ज हुआ है।

### छात्र-छात्राओं ने किया तीन दिवसीय भ्रमण

**लूनाहेड़ा, 4 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** शासकीय हाई स्कूल लसुड़िया राठौर के छात्र-छात्राओं ने शीतकालीन अवकाश के दौरान तीन दिवसीय यात्रा भ्रमण किया। विधालय के प्राचार्य एवं शिक्षक साथियों के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं की यात्रा बिलपांक से शुरू हूई जो मोहनखेड़ा, मांडव, नीलकंठ, महेश्वर होते हुए उज्जैन महाकांल दर्शन कर अपने गंतव्य पर पहुंची।

# श्रीमद् भागवत कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर कथा श्रवण की



**मंदसौर, 4 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** श्री सुयश रामायण मण्डल जनता कॉलोनी मंदसौर के तत्वावधान में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी जनवरी माह में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। सुयश रामायण मण्डल निरंतर 19 वर्षों श्रीमद् भागवत कथा, राम कथा, एवं शिवपुराण की कथा का आयोजन करवाता आ रहा है। इस वर्ष भी इस परम्परा को कायम रखते हुए 20 वें वर्ष में भी श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन संजय गांधी उद्यान में चल रहा है। उज्जैन के पंडित मनोहर नागर जी के श्री मुख से भागवत कथा का श्रवण पान हो रहा है, एक और परंपरा को सुयश रामायण मंडल निभाते हुए कथा के अंदर जो भी मंगलवार आता है उसे पर जनता कॉलोनी स्थित संकट मोचन बालाजी मंदिर पर बालाजी महाराज का चोला चढ़ाकर संत श्री के हाथों में महाआरती का आयोजन किया जाता है उसी के अंतर्गत कल मंगलवार को संत श्री के हाथों से महा आरती का आयोजन किया गया इस अवसर पर मंडल के सभी सदस्य व जनता कॉलोनी मित्र मंडल एवं द्वारा बालाजी महाराज की आरती की गई एवं प्रसादी वितरण किया गया।

श्रीमद् भागवत कथा के द्वितीय दिवस पंडित मनोहरजी नागर ने कहा कि कलयुग में पांच स्थानों पर प्रवेश किया था उसमें स्वर्ण का भी उल्लेख किया गया है स्वर्ण वही जो गलत तरीके से खरीदा गया गलत कार्यों से पैसा कमाया गया हो जिसका स्वर्ण खरीद हो गया हो उसी में कलयुग का वास होता है। आपने कहा कि ईमानदारी से कमाया हुआ सोने में कलयुग प्रवेश नहीं कर पाता है, आपने कहा है कि जिंदगी में दो चीजों का ध्यान रखना चाहिए किसी गरीब का दिल नहीं दुखाना चाहिए और दो मुंहे इंसान की राय कभी भी नहीं लेना चाहिए। कथा श्रवण कराते हुए आपने कहा कि राजा परीक्षित को एक साधु ने बचपन में श्राप दिया था क्योंकि आप बचपन में बहुत नटखट हुआ करते तब आपने एक साधु के गले में रस्सी डालकर उन्हें डराया था कि आपके गले में सांप सांप करके तभी साधु ने उनको श्राप दे दिया था कि आपकी मौत एक सांप के काटने से ही होगी। पं. नागर ने ऐसे कई वृतांत सुनाते हुए सही जीवन जीने की सलाह दी। कथा में पोथी पूजन समाजसेवी हिम्मत डांगी, सैफी बैंक अध्यक्ष विनय दुबेला, पक्षी बचाओं अभियान के राकेश भाटी, अशोक गुर्जर, गुजरबर्डिया सरपंच शांतिलाल गुर्जर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजय मुरड़िया, नपा में सांसद प्रतिनिधि कपिल भण्डारी, भाजपा पिछड़ा मोर्चा उपाध्यक्ष विजय पोपट, कन्हैयालाल रायसेना सहित बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने किया।

# स्व. श्री पारिख को श्रृद्धाजंली अर्पित कर किया नमन



**मंदसौर, 4 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** दशपुर सायकल एसोसिएशन के पुर्व अध्यक्ष जनकुपुरा क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता पारिख समाज के वरिष्ठ धार्मीक सामाजिक एवं कृष्ण भक्ती मे लीन श्री मोहनलाल पारिख को गत दिवस निधन पर पुर्व विधायक यशपालसिंह सिसोदिया, प्रेस क्लब के अध्यक्ष ब्रजेश जोशी तथा ग्राहक पंचायत के उमरावसिंह जैन, दिनेश जेठानिया, दशपुर जागृति संगठन के सत्येन्द्रसिंह सोम, अरूण मौड़, हरिनारायण टेलर, जनजागृति संगठन के अमित परमार, गोविन्द हाड़ा, आशिष बंसल, सत्यनारायण सोमानी, प्रदिप सतीदासानी, विजय सक्सेना, पुरूषोत्तम वाथरा, देवेन्द्र शर्मा, हरिश शर्मा, शिक्षक संघ के जयेश नागर, सुरेश गुप्ता, विष्णु सोनी, विनय हुपेले, गोपाल वीर, सामाजिक कार्यकर्ता संतोष गोयल, नितिन सिंधे, कान्तीलाल चौहान, अनिल जैन, पारिख समाज के राजकुमार पारिख सचिन पारिख, दिनेश पारिख, वैभव पारिख, प्रतिक नागर, निलेश पारिख, सुमित डोसी, राहुल पारिख, मुकेश पारिख आदि ने श्री पारिख को श्रृद्धा सुमन अर्पित किये साथ ही जनकुपुरा क्षेत्र की जानी मानी दुकान पारख सायकल के पचास साल के स्मृणों को याद कर हृदय से हार्दिक संवेदना व्यक्त की। यह जानकारी आशिष बंसल ने दी।

## सेवानिवृत्त होकर आ रहे आर्मी पैरा कमांडो का आज होगा स्वागत

**मंदसौर, 4 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** देश भक्ति, राष्ट्र सेवा को समर्पित भारत माता के लाल और मंदसौर जिले की आन-बान और शान जाबाज सैनिक कुँ. विकास सिंह सोलंकी (आर्मी पेरा कमांडो) अपनी 19 वर्ष देश सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्त होकर सकुशल आज 5 जनवरी को प्रात: 9.30 बजे अपने शहर मंदसौर में पधार रहे हैं। स्वागत यात्रा भारत माता चौराहा से शुरू होगी एवं ,गांधी चौराहा, बीपीएल चौराहा, महाराणा प्रताप चौराहा होते हुवे, पीजी कॉलेज , कृषि उपज मंडी के सामने गांधीनगर में उनके निजी निवास स्थान पर भव्य स्वागत के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जिला मन्दसौर के पूर्व सैनिको, परिवार के सदस्यों द्वारा संगठन की कैप, श्रीफल व माला पहनाकर मंदसौर में स्वागत व सम्मान किया जावेगा। सभी सैनिक एवं पूर्व सैनिकों, एवं शहरवासियों से विनम्र अपील है कि आप अधिक से अधिक संख्या में पधार कर सैनिक का सम्मान करें।

## विधायक सिसोदिया ने किए दर्शन

**भानपुरा, 4 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** विधायक चंद्रसिंह सिसोदिया ने आज दिगंबर जैन बड़े मंदिर में पहुंचकर भगवान के दर्शन किये इस अवसर पर उनके साथ भाजपा नेता महेंद्र जैन गरोठ वाले भी मौजूद रहे इस अवसर पर दिगंबर जैन समाज के शांतिलाल खटोड़, डॉ आनंद जैन, सुरेश खटोढ, नवनीत हरसोला, मनीष हरसोला, पदम जैन, जंबू जैन, पूनम हरसोला, रविंद्र हरसोला, अमित हरसोला, आदि ने विधायक चंद्रसिंह सिसोदिया को पगडी पहनाकर एवं शाल श्रीफल भेंटकर स्वागत किया। इसके पश्चात क्षेत्रीय विधायक हरसोला निवास पहुंचे जहां पर उनका स्वागत परिवार के नवनीत हरसोला रविंद्र हरसोला अमित हरसोला संयम हरसोला द्वारा किया गया।



## विकासखंड शिक्षा अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार चौहान को

**लूनाहेड़ा, 4 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** मल्हारगढ़ विकासखंड शिक्षा अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार चौहान को दिया गया। जानकारी के मुताबिक विकासखंड मल्हारगढ शिक्षा अधिकारी अतिरिक्त प्रभार लसुड़िया राठौर के प्राचार्य बीएल चौहान को मिलने पर विधालय परिवार के शिक्षक साथियों ने विधालय परिसर में पुष्पमाला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर बधाई प्रेषित की।



# नीलकमल कुमावत का मध्यप्रदेश में प्रथम स्थान

**मंदसौर, 4 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मन्दसौर के प्राचार्य डॉ. एल.एन. शर्मा ने बताया कि महाविद्यालय के गणित विभाग के विद्यार्थी नीलकमल कुमावत सुपुत्र श्रीमती राधा कुमावत ने मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित एम.पी.पी.एस.सी. सहायक कुलसचिव परीक्षा 2022 की चयन सूची में प्रथम स्थान प्राप्त कर मन्दसौर जिले का नाम गौरवान्वित किया है। नीलकमल ने पीजी कॉलेज से एम.एस-सी. गणित की परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की है तथा वर्तमान में सीतामऊमें पटवारी के पद पर कार्यरत है।

नीलकमल कुमावत का एमपीपीएससी ए.आर. 2022 की चयन सूची में मध्यप्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष माननीय श्री नरेशजी चंदवानी, प्राचार्य डॉ. एल.एन. शर्मा, विभागाध्यक्ष डॉ. टी.के. झाला सहित महाविद्यालयीन परिवार ने नीलकमल एवं उनकी माताजी श्रीमती राधा कुमावत का स्वागत किया। साथ ही सभी ने नीलकमल को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है।।

# 51 ढोल के साथ बाबा की आरती कर श्याम प्रेमियों ने की 2024 की शुरुआत

## श्री श्याम सखा मित्र मंडल के तत्वावधान में 51 ढोल से बाबा श्याम की महा आरती की



**मंदसौर, 4 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** नववर्ष के अवसर पर पूज्य गुरुदेव आशीष जी शर्मा के सम्मान में समस्त श्याम प्रेमियो ने 51 ढोल से श्री खाटू श्यामजी की महाआरती एवं आतिशबाजी की। जिसमे सभी बड़ी संख्या में भक्तगणों ने भाग लिया।

आरती में विशेष अतिथि नवनिर्वाचित विधायक श्याम प्रेमी श्री विपिन जैन भी सम्मिलित हुए। ज्ञात हो कि श्याम प्रेमियों का श्री खाटू श्याम मन्दिर के बाहर से ही आरती करने का यह आंदोलन बीती 8 जुलाई को श्री आशीष शर्मा गुरुजी की अचानक विदाई से शुरु हुआ था। खाटू श्याम मंदसौर ट्रस्ट की हठधर्मिता के कारण बीते 6 माह से इस आंदोलन के कारण श्री खाटू श्याम मन्दिर में भक्तों की संख्या कम और सुरक्षा गार्डों की संख्या ज्यादा नजर आती है। इस अवसर पर पिछले 6 माह से आंदोलन कर रही महिला भक्तों ने विधायक श्री विपिन जैन को एक ज्ञापन भी दिया। जिसमें मंदिर ट्रस्ट द्वारा की जा रही अनियमितता, भक्तो के साथ मारपीट, पूज्य गुरुदेव आशीष जी शर्मा को झूठे आरोप लगा कर सेवा मुक्त करने, मंदिर में आने वाले चढ़ावे में पारदर्शिता नहीं होने, अपने गूगल अकाउंट को खाटूश्याम मंदिर मंदसौर का अधिकृत अकाउंट बता कर पिछले 3 सालो से भक्तो के दिए दान का दुरुपयोग करने वाले कोर्ट में कार्यरत सुनील जोशी के अकाउंट की जांच करने और श्री खाटूश्याम मन्दिर मंदसौर के प्रमुख संस्थापक अध्यक्ष स्वर्गीय ठाकुर अर्जुन सिंह राठौर की प्रतिमा मन्दिर परिसर में लगाने की मांगों को लेकर ज्ञापन भी दिया। यह जानकारी श्याम सखा मित्र मंडल के अध्यक्ष सत्यप्रकाश गर्ग ने दी।

# सौ साल जीने का लक्ष्य बनाएं, फिर लक्ष्य का पीछा कर जीवन जीएं-चन्द्रे

## पेंशनर महासंघ के जिला सचिव राठौर एवं कोषाध्यक्ष भटेवरा का जन्मदिवस समारोह मनाया



**मंदसौर, 4 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** बुजुर्ग परिवार की रीढ होते है। परिवार के लिये अपने जीवन के महत्वपूर्ण साल इनके द्वारा परिवार की तरक्की में लगाए गये होते है। नई पीढ़ी की जिम्मेदारी है कि, इन्हे यथोचित सम्मान देवे साथ ही बुजुर्ग की भी प्राथमिकता होनी चाहिये कि वो स्वस्थ एवं प्रसन्न रहे। डे केअर सेंटर इसी अवधारणा को लेकर संचालित किये जा रहे है। शहर में पं. दीनदयाल उपाध्याय वृद्धजन सेवा केन्द्र (डेकेअर सेंटर) मंदसौर हमेशा से ही बुजुर्गों की गतिविधियों का केन्द्र रहा है। यहां इन वरिष्ठजनों को कैरम, शतरंज, टीवी, समाचार पत्र के साथ अपनी उम्र के साथियों का साथ मिलता है। वरिष्ठों का जन्मदिन मनाना यहां की प्रमुख गतिविधि है। सभी वरिष्ठ 100 साल जीने का लक्ष्य बनाये फिर लक्ष्य का पीछा कर जीवन जीयें।

उक्त बात सेवानिवृत्त पेंशनर नागरिक महासंघ के जिला उपाध्यक्ष रमेशचन्द्र चन्द्रे ने डे केअर सेंटर पर महासंघ के जिला सचिव नन्दकिशोर राठौर एवं कोषाध्यक्ष अभय भटेवरा के जन्मदिवस समारोह में कही। यह समारोह में जिलाध्यक्ष श्रवण कुमार त्रिपाठी, उपाध्यक्ष रमेशचन्द्र चन्द्रे, समन्वयक डॉ. देवेन्द्र पुराणिक, नगर अध्यक्ष अशोक रामावत के सानिध्य में मनाया गया। इस अवसर पर श्री राठौर एवं श्री भटेवरा का शाल, श्रीफल एवं पुष्पमालाओं से स्वागत राजाराम तंवर, चन्द्रकांत शर्मा, कोमल वाणवार, शकुंतला चौहान, लक्ष्मीनारायण सोनी, राजेन्द्र पाठक, राजेन्द्र पोरवाल, गोविन्द पारिख, प्रभुदयाल शर्मा, एस.एन. श्रीवास्तव, ओमप्रकाश मिश्रा, रमेशचन्द्र सोनी, विष्णुलाल भदानिया, गोपालदास रामावत, चित्रसेन नारानिया, संतोषकुमार जैन, अनिल श्रोत्रिय, भूपेन्द्र पाण्डे, सीरूमल आसवानी, नवनीत डाबी, ओमप्रकाश व्यास, रामप्रसाद व्यास, नरेन्द्र राणावत, अजीत बंडी, सुरेश जैन, हिम्मतसिंह मेहता, तनसुख मेहता आदि ने किया। कार्यक्रम का आरंभ माता सरस्वती एवं भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एव दीप प्रज्ज्वलन कर किया। प्रेरणा गीत राजेन्द्र पोरवाल ने प्रस्तुत किया। संचालन अजीजउल्लाह खान ने किया एवं आभार चन्द्रकांत शर्मा ने माना।

### बी.कॉम. प्रथम वर्ष की छात्रा से पीजी कॉलेज परीक्षा प्रभारी व प्राचार्य की गलती के कारण...

# डाटा प्रोसेसिंग सॉफ्टवेयर के पेपर की जगह मनी बैंकिंग का पेपर दिलवा दिया, छात्रा के दो साल हुए बर्बाद

## मामले में शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. तोमर ने भी कार्यवाही की मांग

**मंदसौर, 4 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** बी.कॉम. प्रथम वर्ष की छात्रा से पीजी कॉलेज मन्दसौर परीक्षा प्रभारी व प्राचार्य की गलती के कारण डाटा प्रोसेसिंग सॉफ्टवेयर के पेपर की जगह मनी बैंकिंग का पेपर दिलवा दिया गया। जिसके कारण छात्रा के दो साल बर्बाद हो गए। जब छात्रा व उसके परिजनों ने प्राचार्य से मिलकर कार्यवाही का निवेदन किया तो उनके द्वारा अभद्रतापूर्ण व्यवहार किया जा रहा है। अब इस मामले में छात्रा ने विक्रम विश्व विद्यालय कुलपति के साथ मन्दसौर कलेक्टर को आवेदन भेजकर दोषियों पर कार्यवाही करने के साथ न्याय दिलाने का निवेदन किया है।



**यह है मामला-** छात्रा आरजू कुरैशी ने वर्ष 2022 में बी.कॉम. प्रथम वर्ष की परीक्षा शासकीय राजीव गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय मन्दसौर से नियमित छात्रा के रूप में दी थी। परीक्षा में उसके प्रवेश पत्र अनुसार छात्रा के जो विषय थे उनके अनुसार इसके द्वारा परीक्षा की तैयारी की गई। लेकिन जब वह अपने विषय डाटा प्रोसेसिंग सॉफ्टवेयर का पेपर देने गई तब उसे उस विषय के स्थान पर मनी बैंकिंग का पेपर स्थानीय परीक्षा प्रभारी व प्राचार्य की गलती से दे दिया गया जब छात्रा ने आपत्ति ली तो उसे दबाब बनाकर डराया धमकाया गया। उसी समय छात्रा ने लिखित में भी परीक्षा केन्द्र पर शिकायत भी की थी लेकिन प्राचार्य व परीक्षा प्रभारी द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई। सभी ने जानबूझकर छात्रा के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है। उसके 2 वर्ष बर्बाद कर दिए। छात्रा द्वारा लगातार शिकायतें की गई पर प्राचार्य उसे पुन: परीक्षा दिलाने व पास कराने का आश्वाशन देते रहे। जब कोई कार्यवाही नहीं हुई तब छात्रा ने दिनांक 27/12/2023 को पुन: प्राचार्य को पत्र लिखकर उसे परीक्षा दिलाने का निवेदन किया गया। तब भी प्राचार्य ने कोई कार्यवाही नहीं की। प्राचार्य द्वारा दिनांक 3 जनवरी 2024 को छात्रा को कॉलेज में बुलाकर एक पत्र देकर कह दिया गया की अब कुछ नहीं हो सकता आप पुन: प्रायवेट परीक्षा दीजिये। छात्रा अपने परिजनों के साथ पुन: आज दिनांक 4 जनवरी को फिर से प्राचार्य से मिलने गई तो उनके द्वारा बात करने से ही इंकार करते हुए बाहर निकाल दिया गया एवं कार्यवाही की धमकी तक दे डाली है। इस प्रकार प्राचार्य व परीक्षा प्रभारी आदि ने जानबूझकर छात्रा के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है जिससे उसके जीवन के महत्वपूर्ण 2 वर्ष बर्बाद हो चुके है, वह गरीब परिवार से है वह प्रायवेट पढ़ाई का खर्चा वहन नहीं कर सकती है। मामले में छात्रा ने कुलपति विक्रम विश्व विद्यालय उज्जैन व कलेक्टर मन्दसौर को आवेदन भेजकर मामले की उच्च स्तरीय जांच कराते हुए दोषियों पर कठोर कार्यवाही के साथ प्रार्थिया को न्याय दिलाने की मांग की है। मामले में शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष डॉ राघवेन्द्रसिंह तोमर ने जब प्राचार्य पीजी कॉलेज से बातचीत की तो प्राचार्य कोई संतोषप्रद जवाव नहीं दे पाए। डॉ तोमर ने भी वरिष्ठ अधिकारियों से इस मामले में जांच कर कार्यवाही का अनुरोध किया है।

# गीता जयंती महोत्सव के लिए आयोजन समिति का हुआ गठन

## गुप्ता अध्यक्ष, अग्रवाल स्वागताध्यक्ष, चौधरी उप स्वागताध्यक्ष एवं जोशी मार्गदर्शक

**मंदसौर, 4 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** धर्मधाम गीता भवन ट्रस्ट द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी पांच दिवसीय गीता जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाए जाने हेतु ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष अंतर्राष्ट्रीय रामस्नेही संत स्वामी श्री रामनिवास जी महाराज द्वारा आयोजन समिति की घोषित की, जिसमें आयोजन समिति अध्यक्ष समाजसेवी श्री अनिल गुप्ता, स्वागताध्यक्ष पत्रकार श्री नरेंद्र अग्रवाल, उप स्वागताध्यक्ष श्री ओम चौधरी तथा मार्गदर्शक पत्रकार श्री ब्रजेश जोशी को बनाया गया।

इस आशय की जानकारी देते हुए धर्मधाम गीता भवन ट्रस्ट के सचिव पंडित अशोक त्रिपाठी ने बताया कि इस वर्ष 51 वा गीता जयंती महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाए जाने को लेकर पूज्य आचार्य श्री ने नगर के गणमान्य जनों की एक समिति घोषित की है इस समिति के तत्वाधान में प्रतिदिन 7 जनवरी से 11 जनवरी तक दोपहर 1 से 4 बजे तक अंतरराष्ट्रीय रामस्नेही संप्रदाय के पीठाधीश्वर स्वामी श्री रामदयाल जी महाराज के प्रवचन होंगे। 7 जनवरी को स्वामी श्री रामदयाल जी महाराज का मंदसौर नगर आगमन भगवान पशुपति नाथ मंदिर से वाहन रैली के रूप में होगा उसी दिन धर्मधाम गीता भवन परिसर में 48 वा नेत्र शिविर समाजसेवी श्री शेषनारायण माली के पूज्य पिता श्री पन्नालाल माली की स्मृति में लगाया जाएगा।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 21 | 2168 | 2281 |
| उडद | 18 | 3996 | 8150 |
| सोयाबीन | 3703 | 4450 | 4800 |
| गेहूं | 1144 | 2300 | 3300 |
| चना | 18 | 4935 | 5160 |
| मसुर | 22 | 4521 | 5770 |
| धनिया | 169 | 5380 | 6799 |
| लहसुन | 7500 | 14000 | 24900 |
| मैथी | 257 | 5000 | 5971 |
| अलसी | 717 | 4821 | 5180 |
| सरसो | 134 | 4100 | 5012 |
| तारामीरा | 1 | 4621 | 4621 |
| इसबगोल | 2 | 13700 | 15701 |
| प्याज | 5117 | 401 | 2163 |
| कलोंजी | 19 | 11901 | 15950 |
| डॉलर | 000 | 0000 | 0000 |
| तिली | 000 | 0000 | 0000 |
| मटरसुखी | 2 | 2391 | 2799 |
| असालीया | 1 | 9832 | 9832 |

# मप्र में जीएसटी राजस्व में उल्लेखनीय वृद्धि

## पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में दिसम्बर माह में 11% बढ़ोतरी, उपमुख्यमंत्री देवड़ा ने करदाताओं को दी बधाई

**मंदसौर, 4 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश के वाणिज्यिक कर विभाग द्वारा माह दिसम्बर में पिछले वित्तीय वर्ष के दिसम्बर माह के मुकाबले चालू वित्तीय वर्ष के दिसम्बर माह में जीएसटी राजस्व 11 प्रतिशत बढ़ गया है। प्रदेश के लिए यह उल्लेखनीय उपलब्धि है। उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने करदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए विभागीय अमले को बधाई दी है। पिछले वित्तीय वर्ष 2022-23 के दिसम्बर माह में 2976 करोड़ रू. का राजस्व प्राप्त हुआ था। इसकी तुलना में चालू वित्तीय वर्ष में माह दिसम्बर में जीएसटी में रू. 3304 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ. यह पूर्व वर्ष से 11 प्रतिशत अधिक है। जुलाई 2017 में जीएसटी लागू होने के बाद किसी एक माह में प्राप्त जीएसटी की सर्वाधिक राशि है। इसी प्रकार माह दिसम्बर, 2023 तक जीएसटी से कुल 23471 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ है, जो पूर्व वर्ष से 21 प्रतिशत ज्यादा है।



उपमुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा के मार्गदर्शन में वाणिज्यिक कर विभाग द्वारा राजस्व संग्रहण में उल्लेखनीय कार्य हो रहा है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में विशेष प्रयासो से राजस्व संग्रहण में निरंतर सफलता अर्जित की जा रही है। पंजीयत व्यवसाईयों की संख्या में वृद्धि के लिए प्रदेश के सभी जिलों की जनसंख्या एवं आर्थिक स्थिति के आधार पर पंजीयन के लक्ष्य निर्धारित किए गए। सभी वृत्त कार्यालयों में इस पंजीयन अभियान में तत्परता के साथ कार्य करते हुए अपंजीयत करदाताओं को पंजीयत करने का कार्य किया गया। इसी का परिणाम है कि वर्तमान में प्रदेश में पंजीयत व्यवसाईयों की कुल संख्या 5 लाख से भी अधिक पहुंच चुकी है। वर्ष 2018 में पंजीयत व्यवसायी 384438 की तुलना में वर्तमान में पंजीयत व्यवसायी की संख्या 531147 है। जो तुलनात्मक रूप से 38 प्रतिशत अधिक है। पंजीयन सत्यापन के लिए मोबाईल एप तैयार किया गया है। इस एप के माध्यम से ही फील्ड अधिकारियों के द्वारा संदिग्ध करदाताओं के पंजीयन सत्यापन की कार्यवाही की जा रही है। विभाग के द्वारा डेटा एनालिटिक्स के माध्यम से 4909 बोगस करदाताओं की पहचान की गई तथा इनमें से प्रदेश में पंजीयत 139 बोगस करदाताओं के पंजीयन निरस्त किए गए। बोगस/फेक तथा निष्क्रिय व्यवसाईयों को नियमित रूप से चिन्हित किया जाकर इनके पंजीयन निरस्तीकरण की कार्यवाही प्राथमिकता पर की जा रही है। जीएसटी लागू होने के उपरान्त अभी तक कुल 251510 पंजीयन निरस्त भी किए गए हैं।

राजस्व वृद्धि के अन्य प्रयासों में स्क्रूटनी, आडिट एवं प्रवर्तन के विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं। मुख्यालय स्थित डेटा, कमाण्ड एंड कंट्रोल सेन्टर में एनालिटिक्स टीम के द्वारा आयकर अधिनियम से संबंधित जानकारी का जीएसटी रिटर्नस से मिलान, अन्य शासकीय विभागों जैसे कोष एवं लेखा, माईनिंग, ट्रांसपोर्ट आदि से जानकारी प्राप्त कर उनका मिलान भी जीएसटी रिटर्नस से किया जा रहा है। अन्य विभागों से प्राप्त जानकारी के आधार पर अपंजीयत करदाताओं को पंजीयत करने की कार्यवाही भी की जा रही है। इन्दौर स्थित मुख्यालय द्वारा डेटा एनालिटिक्स के आधार पर विभिन्न कार्यवाहियों हेतु प्रकरण चिन्हित किए जाकर नियमित रूप से फील्ड अधिकारियों को प्रेषित किए जाते हैं। मुख्यालय स्तर पर कंस्ट्रक्शन, माईनिंग, बिल्डिंग मटेरियल, शासकीय सप्लाय आदि सेक्टर से संबंधित स्क्रूटनी के 4848 प्रकरण आबंटित किए गए। इन प्रकरणों की स्क्रुटनी के उपरान्त 442 करोड़ रू. की राशि जमा करवाई गई तथा 691 करोड़ रू. की अतिरिक्त मांग प्रस्तावित की गई। डेटा एनालिटिक्स के आधार पर ही ऑडिट के 1205 प्रकरणों का चिन्हांकन किया जाकर ऑडिट हेतु आवंटन किया गया। ऑडिट कार्यवाही से अभी तक 80 करोड़ की राशि जमा हो चुकी है। कर अपवंचन संबंधी सेक्टर के करदाताओं के विरूद्ध डेटा एनालिसिस के आधार पर प्रवर्तन की कार्यवाही की गई। इस वित्तीय वर्ष में कर अपवंचन में लिप्त ऐसे 1106 प्रकरणों में कार्यवाही की जाकर विभाग के द्वारा 438 करोड़ रू. जमा करवाए गए हैं। आईटीसी रिवर्सल के क्षेत्र में भी विभाग के द्वारा डेटा एनालिसिस के आधार पर करदाताओं का चिन्हांकन किया गया तथा अपात्र तथा अप्राप्त आईटीसी का नियमानुसार रिवर्सल करवाया गया। आईटीसी रिवर्सल की इस कार्यवाही से विभाग को इस वित्तीय वर्ष में माह दिसम्बर तक 2642 करोड़ रू. की राशि आईजीएसटी सेटलमेंट के रूप में प्राप्त हुई है।



# जिला विकास एवं समन्वय समिति 'दिशा' की बैठक जिला पंचायत सभा कक्ष में संपन्न

## विकास कार्यों की जानकारी के अभाव को लेकर अधिकारियों पर सख्त हुए सांसद

**मंदसौर, 4 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिला विकास एवं समन्वय समिति दिशा की बैठक का जिला पंचायत सभा कक्ष में संपन्न हुई बैठक की अध्यक्षता क्षेत्र के सांसद सुधीर गुप्ता ने की उन्होंने गांधी सागर क्षेत्र में चिता प्रोजेक्ट के बारे में अधिकारियों से जानकारी ली। साथ ही उन्होंने क्षेत्र के ग्रामीणों को योजना से किसी प्रकार की हानि नहीं होने के निर्देश भी दिए। इस पर वन विभाग के अधिकारियों द्वारा कहा कि किसानों की समस्याओं का प्रमुखता के साथ निराकरण कर लिया गया और लगभग 95 प्रतिशत कार्य संपन्न हो चुका है। जल्द ही गांधी सागर में चीतों का क्वॉरेंटाइन शुरू किया जाएगा उन्होंने शामगढ़ सुवासरा सुक्ष्म सिंचाई परियोजना को लेकर कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ को निर्देशित किया की तीन इंजीनियरों की एक मॉनिटरिंग कमेटी बनाकर इस कार्य को उन्हें सोपा जाए और तीनों इंजीनियर अलग-अलग विभागों से लिया जाए और दो सप्ताह के भीतर गांधी सागर सुवासरा शामगढ सूक्ष्म सिंचाई परियोजना के कार्य की जानकारी देवें और कार्य में तेजी लावे।

सांसद गुप्ता नें मेडिकल कॉलेज के निर्माण की विस्तृत जानकारी मांगी और कहा की राज्य शासन के स्पष्ट निर्देश है कि इस वर्ष मंदसौर और नीमच में मेडिकल कॉलेज की शुरुआत होने जा रही है इसलिए तत्काल प्रभाव से प्रमुखता के साथ इस कार्य को पूर्ण किया जावे। सांसद गुप्ता ने अमृत योजना एक और योजना दो को लेकर मंदसौर सीएमओ सुधीर सिंह से जानकारी चाही इस पर उन्होंने अमृत योजना एक के पूर्ण होने की जानकारी दी वह दो के होने वाले कार्यों की जानकारी दी इस पर सांसद ने कहा कि क्या उन्हें अमृत योजना के बारे में जानकारी है तो वह विस्तृत बताएं कि वह इस योजना के बारे में जनप्रतिनिधि पार्षद और जनता को किस तरह अवगत कराते हैं जिसका स्पष्ट जवाब सीएमओ सुधीर सिंह नहीं दे सके, तो सांसद ने उन्हें सख्त लहजे में कहा कि पहले में इसका पूर्ण रूप से अध्ययन करें और साथ ही जनता को केंद्र की इस योजना के बारे में अवगत करावे उन्होंने अभिनंदन क्षेत्र में पानी की सुचारू रूप से सप्लाई न होने पर भी सख्त नाराजी जाहीर की और कहा की उन्होंने ना तो कलेक्टर ना मुझे और नहीं रेलवे से इस बारे में संपर्क किया और किया तो वह पत्र कहां है मुझे इसकी स्पष्ट जानकारी देवे। सांसद द्वारा सीएमओ पार्षदों के बीच संवाद को लेकर पूछे जाने पर उपाध्यक्ष नम्रता चावला ने बताया कि सीएमओ साहब किसी भी पार्षद से साही लहजे में ना तो संवाद करते हैं और ना उनकी समस्याओं को सुना जाता है कई पार्षदों के कार्य लंबित पड़े हैं। सांसद गुप्ता ने मंदसौर सहित जिले के सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह केंद्र की स्वच्छता अभियान योजना को प्रमुखता के साथ पालन करें। यह देश के प्रधानमंत्री की सबसे महत्वपूर्ण योजनाएं हैं और इसी के द्वारा सभी नगर पालिकाओं को समय-समय पर वहां अनुदान उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिसका सही उपयोग करें और उसकी पूरी जानकारी मुझ तक पहुंचवे। सांसद गुप्ता ने तेलिया तालाब के समीप और कॉलेज ग्राउंड के समीप लगातार हो रहे तेजी से अतिक्रमण पर भी चिंता जाहीर की और मुख्य नगर पालिका अधिकारी को इस पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए क्योंकि कॉलेज ग्राउंड में समय-समय पर वीवीआईपी का आगमन होता रहता है ऐसे में यह भविष्य के लिए चिंता का विषय है।

सांसद गुप्ता ने विश्वकर्म योजना में अधिक से अधिक युवाओं को जोड़ना और उन्हें इसका लाभ पहुंचाने के लिए निर्देशित किया उन्होंने प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत क्षेत्र के युवाओं को व्यापार से जोड़ने के लिए बैंक अधिकारियों और उद्योग विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए और कहा की इस कार्य के लिए उचित आवेदनों पर तुरंत विचार किया जावे और उन्हें स्वीकृत किया जावे उन्होंने बैंक के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह युवाओं के लिए प्रेरणा के रूप में आगे आवे और उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की रोजगार गारंटी से जोड़ें और आत्मनिर्भर बनावें। सांसद गुप्ता ने जिला पंचायत सीईओ से कहा कि जिले के सभी नगर पालिका अधिकारियों सड़क निर्माण की तकनीकी अधिकारियों के साथ एक बैठक का कार्यक्रम बना है ताकि सभी नगर परिषद और नगर पालिकाओं में गुणवत्ता पूर्वक सड़कों का निर्माण किया जा सके।

# कृष्णा पाटीदार का खो खो में राज्य स्तर पर चयन

**दलौदा, 4 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** शासकीय महाविद्यालय दलौदा की खिलाड़ी का चयन राज्य स्तरीय खो खो प्रतियोगिता हेतु हुआ। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य तोसिफ नागोरी ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत दिनों रतलाम में हुई संभाग स्तरीय खो खो प्रतियोगिता में उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए खो खो दल ने सिल्वर मेडल जीता था वही प्रतियोगिता में महाविद्यालय की बालिका कु कृष्णा पाटीदार का चयन उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन के आधार पर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हेतु हुआ 09 जनवरी से शहडोल में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उज्जैन संभाग का प्रतिनिधित्व करेगी। कृष्णा पाटीदार की इस सफलता पर जनभागीदारी समिति अध्यक्ष श्री हेमंत जी धनोतिया अग्रणी प्राचार्य डॉ एल एन शर्मा प्रभारी प्राचार्य श्री नागोरी एवं महाविद्यालय परिवार ने बधाई दी एवम उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



# विकसित भारत संकल्प यात्रा में पात्र हितग्राहियों को लाभ प्रदान करें-कलेक्टर

## जिलाधीश ने लिंबावास में विकसित भारत संकल्प यात्रा का निरीक्षण किया

**मंदसौर, 4 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव ने विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत निकाली जा रही यात्रा का ग्राम पंचायत लिंबावास में निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वहां पर सभी विभागों के द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया। एक-एक स्टॉल पर पहुंचकर विभागों की योजनाओं जानकारी ली। स्टॉल पर हितग्राहियों के द्वारा कितने आवेदन दिए गए। कितनों का निराकरण किया गया। इसका भी बारीकी से अवलोकन किया।

इस दौरान कलेक्टर ने निर्देश देते हुए कहा कि यात्रा के दौरान जितने भी पात्र हितग्राही हैं अगर उनको शासन की योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है, तो उन्हें लाभ प्रदान करें। ऐसे हितग्राहियों से आवेदन ले तथा पोर्टल में दर्ज करें। इसके साथ ही विभाग की योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार करें। जिससे आम व्यक्ति इन योजनाओं के बारे में जान सके तथा लाभ प्राप्त कर सके। यात्रा के दौरान हर विभाग अपने-अपने विभाग की योजना के बारे में जानकारी लोगों को बताएं। गांव में किन लोगों को इन योजना का लाभ मिल रहा है। उसके बारे में भी जानकारी देवे। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री कुमार सत्यम, मल्हारगढ़ एसडीएम, जनपद सीईओ, विकासखंड अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, आमजन, पत्रकार मौजूद थे। विकसित भारत संकल्प यात्रा ने जनपद पंचायत मंदसौर के ग्राम लाउखेड़ी, सिहोर, एलची एवं बानीखेड़ी, जनपद पंचायत मल्हारगढ़ में यात्रा रिछा एवं लिम्बावास, जनपद पंचायत गरोठ में यात्रा बनी एवं कुरावन, जनपद पंचायत भानपुरा में यात्रा दुधाखेड़ी एवं टुंगनी, जनपद पंचायत सीतामऊ में बारेखेड़ीजागीर, खेताखेड़ा, किशोरपुरा एवं ढाबलाभगवान में भ्रमण किया।



**विकसित भारत संकल्प यात्रा आज इन गांवों में भ्रमण करेंगी-** विकसित भारत संकल्प यात्रा 5 जनवरी 2024 को यात्रा जनपद पंचायत मंदसौर के ग्राम भोलिया, लदुसा, टोलखेड़ी एवं आधारी निरधारी, जनपद पंचायत मल्हारगढ़ में यात्रा मल्हारगढ़ के वार्ड नं. 11 शा.हा.से. स्कूल, गुडभेली एवं काचरिया चंद्रावत, नारायणगढ़ में वार्ड नं. 9 मांगलिक भवन, जनपद पंचायत गरोठ में यात्रा देवरी एवं पिछला, जनपद पंचायत भानपुरा में यात्रा कुंतलखेड़ी, ढाबलामोहन, जनपद पंचायत सीतामऊ में काचरिया, सेदराकरनाली, नाथूखेडी एवं ढोढर में भ्रमण करेंगी।

# स्व. कश्मीरीलालजी अरोरा की स्मृति में राज्य स्तरीय बैंडमिंटन प्रतियोगिता आज से

**नीमच, 4 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** स्वर्गीय कश्मीरीलालजी अरोरा गंगानगर की स्मृति में पांच दिवसीय बैंडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारंभ लायंस क्लब गोमाबाई रोड नीमच में शुक्रवार सुबह 9.30 बजे होगा। इस प्रतियोगिता में प्रदेशभर के 200 खिलाडी भाग लेंगे, जो अपनी प्रतिभा का जौहर दिखाएंगे। नीमच के इतिहास में पहली बार बैंडमिंटन प्रतियोगिता का बडा आयोजन हो रहा है। जिसमें प्रदेश के हर जिले के खिलाडी शामिल होंगे। प्रतियोगिता का फायनल मैच 9 जनवरी को खेला जाएगा।

जिला बैंडमिंटन संगठन के अध्यक्ष अरूल अशोक गंगानगर एवं सचिव दीपक श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वर्गीय श्री कश्मीरीलालजी अरोरा गंगानगर की स्मृति राज्य रैंकिंग बैडमिंटन प्रतियोगिता दिनांक 5 जनवरी से 9 जनवरी 2024 तक महिला एवं पुरुष मध्य प्रदेश राज्य बैडमिंटन रैंकिंग प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। यह प्रतियोगिता अरूल अशोक गंगानगर की प्रायोजकता एवं नीमच जिला बैडमिंटन एसोसिएशन तथा लायंस क्लब नीमच की आयोजकता में हो रही है। प्रतियोगिता में फेदर शटल योनेक्स एएस—2 से आयोजित की जाएगी।प्रतियोगिता 5 एवं 6 जनवरी को सिंगल्स डबल्स एवं मिक्स डबल्स के क्वालीफाइंग मुकाबले खेले जाएंगे। मुख्य चक्र आठ और 9 जन को खेले जाएंगे। फाइनल मुकाबले 9 तारीख को होंगे। इस प्रतियोगिता में इस प्रतियोगिता में मैचेस् लायंस क्लब नीमच एवं टाउन हॉल पर खेले जाएंगे। इस प्रतियोगिता के लिए राज्य के पिछले विजेता—उपजेता, 2023 के विजेता उपविजेता महिला एवं पुरुष सभी खिलाड़ियों की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है।





# नानी बाई के मायरा के लिए निकली पोथी कलश यात्रा

**सुवासरा, 4 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** पोरवाल महिला मंडल और पोरवाल समाज के संयुक्त तत्वावधान में 4 जनवरी से 6 जनवरी तक मयंक जी शर्मा बदनावर वाले मुखारबिंद से नानी बाई का मायरा की कथा करेंगे, इसी कड़ी में आज दोपहर 12 बजे चारभुजा मंदिर से एक विशाल कलश यात्रा प्रारंभ हुई। जो नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई पोरवाल परिणय रिसोट पहुची। शोभायात्रा का स्वागत रास्ते मे भाजपा मंडल , शहर कॉंग्रेस, जय मातादी गरबा मंडल. तथा सभी सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक संगठन द्वारा किया गया! आयोजन को लेकर पोरवाल महिला मंडल एवं और पोरवाल युवा संगठन द्वारा बहुत दिनों से तैयारियां की जा रही थी....क्षेत्र के धर्म प्रेमी सज्ञनों से निवेदन किया है कि कथा स्थल पर दोपहर 12 से 4:00 बजे तक,अधिक संख्या में पधारकर संगीतमय नानी बाई के मायरा का श्रवण करें कार्यक्रम की शोभा बढ़ावे।

# बच्चों के लिए मेगा योग शिविर सम्पन्न

**सुवासरा, 4 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** आर्ट ऑफ लिविंग कर्मयोगा द्वारा महिला हैप्पीनेस प्रोग्राम और बच्चों के लिए मेगा योग शिविर संपन्न हुआ उक्त शिविर में आर्ट ऑफ लिविंग शिक्षक आरती देव और सुमेर सिंह देवड़ा द्वारा लगभग 40 महिला एवं बालकों को गुरुदेव श्री श्री रविशंकर जी के अद्भुत ज्ञान और सुदर्शन क्रिया अनुभव कराया गया उक्त शिविर का आयोजन प्रभु लाल जी रायका पटवारी शरद जी उदिया राजेश कुमार मुन्या शंकर सिंह प्रहलाद सिंह सिसोदिया अजय सिंह विकेश बागड़ी भारत विश्वकर्मा जगदीश परमार राहुल टेलर दशरथ सिंह आदि कई ऑफ लिविंग परिवार के सदस्यों द्वारा कराया गया उक्त आयोजन की जानकारी आर्ट ऑफ लिविंग सदस्य सुषमा कुंवर सरपंच ग्राम पंचायत घसोई द्वारा दी गई।



# गुराडिया प्रताप में लगभग 20 लाख रु की शासकीय भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया



**मंदसौर, 4 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** सीतामऊएसडीएम श्रीमती शिवानी गर्ग द्वारा बताया गया कि गुराडिया प्रताप तहसील सुवासरा में लगभग 20 लाख 8 हजार रु की शासकीय भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया। गुराडिया प्रताप के भूमि सर्वे नंबर 375/3 रकबा 4.14 मद गैरमुनकिन मे से 2 हेक्टर है। भूमि पर तेजू पिता राधेश्याम मीराबाई पति अमरा रोशनबाई पति पुरालाल शंभुलाल पिता रोडा राधेश्याम पिता रतनलाल बालाराम पिता रोड़ा रतनलाल पिता नाथू लक्ष्मण पिता काना गब्बा पिता दूल्हा रमेश पिता लक्ष्मण बगदू पिता प्यारा द्वारा अवैध कब्जा किया हुआ था। राजस्व विभाग द्वारा भूमि पर अतिक्रमण हटाया गया।

## कार की टक्कर से 3 घायल

**पिपलियामंडी, 4 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** बाइक सवारों को टक्कर मारने वाले कार चालक के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। नारायणगढ निवासी अनुराग पिता राजेन्द्रसिंह चौहान ने नारायणगढ थाने पर शिकायत दर्ज कराई मैं व साथी कमलेश पिता रमेश मेघवाल व दीपक पिता परशराम कुमावत बाइक (एमपी 14 एमक्यू 6180) से नारायणगढ आ रहे थे, बण्ड पिपलिया व सोमिया के बीच कार (जीजे 36 बी 0156) के ड्राइवर ने तेज व लापरवाहीपूर्वक चालकर बाइक को टक्कर मार दी, जिससे हमें चोंटे आई। पुलिस ने कार ड्राइवर के खिलाफ केस दर्ज किया।

## थानों की सीमा ठीक नहीं....

पेज 1 से जारी

निर्धारण नये सिरे से होगा। 31 जनवरी 2024 तक रिपोर्ट प्रस्तुत करना है। मंदसौर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत सेतखेड़ी एवं पंचायत के 2 गांव धाकड़खेड़ी और रसुलपुर को दलौदा और अफजलपुर जिनकी दूरी 25 से 35 कि.मी. होती है का युक्तियुक्तकरण कर 5 कि.मी. समीप ही नई आबादी थाने पर परिवर्तित किया जाए। क्योकि, फरियादियों को दलौदा एवं अफजलपुर थाने तक की लंबी दूरी तय करना पड़ती है।


✻ उठावना ✻



बड़े दुख के साथ सूचित किया जाता है कि स्व मदनलाल जी खिंदावत सुपुत्री स्व सुनील कुमार, दिनेश कुमार की बड़ी बहन शुभम के बड़े भुआसा श्रीमती हंसा जी (धर्मपत्नी स्व. प्रकाशचन्द जी कांठेड)(समता सीजन) का आकस्मिक निधन दिनांक 4-1-024 को हो गया था जिसका उठावना कल दिनांक 5-1-2024 को प्रात: 11 बजे जैन समता भवन शिक्षक कॉलोनी पिपलिया मंडी में रखा गया है

✻✻✻ शोकाकुल ✻✻✻

मनोहर लाल,बाबूलाल,अशोक कुमार, चंद्रशेखर, दिलीप, दिनेश कुमार, जितेंद्र,मनीष, गौरव,शुभम कुमार, काव्य एवं समस्त खिंदावत परिवार पिपलिया मंडी, नीमच, मंदसौर, भोपाल



**कार्यालय अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मंदसौर (मप्र)**

क्रमांक/ मंदसौर दिनांक

[redacted]

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वाहन स्वामी श्री नेपालसिंह सौंधिया पिता करणसिंह सौंधिया निवासी ग्राम कंवलीखेड़ा, पोस्ट भोनीपुरा, तह. भानपुरा, जिला मंदसौर की मृत्यु दिनांक 09.10.2022 को हो चुकी है। इनके वाहन का रजिस्ट्रेशन क्रमांक एमपी 14 एडी 9357 को इनकी पत्नी श्रीमती गंगाकंवर ने अपने नाम पर अंतर्गण दर्ज कराने हेतु इस कार्यालय में मूल दस्तावेज प्रस्तुत किये है।

इस प्रकाशन अवधि के सात दिवस में यदि किसी को आपत्ति हो तो इसे कार्यालय में प्रस्तुत करें। इसके पश्चात उक्त वाहन श्रीमती गंगाकंवर के नाम से अंतरण कर दिया जावेगा।

**अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, मंदसौर**



**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल रतलाम**
**नामान्तरण –सूचना**

मण्डल की आवासीय कॉलोनी गाँधी नगर मंदसौर स्थित भवन क्रमांक MIG.Sr.30 जो की श्री केप्टन आदित्य सक्सेना पिता श्री ओमप्रकाश सक्सेना को मण्डल आदेश क्रमांक. 1767 दिनांक 26.10.2009 को आवंटित किया गया था। उक्त भवन का विक्रय विलेख दिनांक 17.06.2010 को उप पंजीयक कार्यालय मंदसौर में निष्पादित किया गया था।

श्री केप्टन आदित्य सक्सेना पिता श्री ओमप्रकाश सक्सेना द्वारा उक्त भवन का विक्रय श्रीमती लीलाबाई पाटीदार पति परसराम पाटीदार को कर दिनांक 08.07.2010 को इनके पक्ष में भवन का विक्रय पत्र उप पंजीयक कार्यालय मंदसौर में निष्पादित किया गया था। उक्त विक्रय पत्र एवं प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार उक्त भवन का नामांतरण श्रीमती लीलाबाई पाटीदार पति परसराम पाटीदार अपने नाम करवाना के चाहती है। अत: इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/ परिवार के सदस्य/वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति/उर्ज हो तो वह विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस में मय ठोस प्रमाण के कार्यालय में प्रस्तुत करे समयावधि व्यतीत हो जाने पर भवन क्रमांक MIG. Sr.30 गाँधी नगर मंदसौर का नामान्तरण श्रीमती लीलाबाई पाटीदार पति परसराम पाटीदार के नाम से कर दिया जावेगा उसके पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति/उर्ज मान्य नही होगा।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृ नर्माण एवं अधोसंरचना विकास
मंडल संभाग–रतलाम (मप्र)



**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल रतलाम**
**नामान्तरण –सूचना**

मण्डल की आवासीय कॉलोनी गाँधी नगर मंदसौर स्थित भवन क्रमांक HIG.17 जो की श्री प्रकाश घाटिया पिता श्री रामगोपाल घाटिया को मण्डल आदेश क्रमांक. 4732 दिनांक 20.09.2004 को आवंटित किया गया था। उक्त भवन का विक्रय विलेख दिनांक 21.03.2005 को उप पंजीयक कार्यालय मंदसौर में निष्पादित किया गया था।

श्री प्रकाश घाटिया पिता श्री रामगोपाल घाटिया द्वारा उक्त भवन का विक्रय श्रीमती मीनाक्षी सोलंकी पति विकास सिंह सोलंकी को कर दिनांक 22.07.2022 को इनके पक्ष में भवन का विक्रय विलेख उप पंजीयक कार्यालय मंदसौर में निष्पादित किया गया था। प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार उक्त भवन का नामांतरण श्रीमती मीनाक्षी सोलंकी पति विकास सिंह सोलंकी अपने नाम करवाना से चाहती है।

अत : इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/परिवार के सदस्य/वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति/उर्ज हो तो वह विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस में मय ठोस प्रमाण के कार्यालय में प्रस्तुत करे समयावधि व्यतीत हो जाने पर भवन क्रमांक HIG.17 गाँधी नगर मंदसौर का नामान्तरण श्रीमती मीनाक्षी सोलंकी पति विकास सिंह सोलंकी के नाम से कर दिया जावेगा उसके पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति/उर्ज मान्य नही होगा।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृ नर्माण एवं अधोसंरचना विकास
मंडल संभाग–रतलाम (मप्र)



**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल रतलाम**
**नामान्तरण –सूचना**

मण्डल की आवासीय कॉलोनी किटियानी मंदसौर स्थित भवन क्रमांक M.I.380 का नामान्तरण श्री प्रकाशचन्द्र गुप्ता पिता श्री मिठूलाल गुप्ता को मंडल आदेश क्रमांक 1247 दिनांक 01.08.2018 द्वारा किया गया था।

आवंटी श्री प्रकाशचन्द्र गुप्ता पिता श्री मिठूलाल गुप्ता द्वारा उक्त भवन का विक्रय पत्र दिनांक 02.11.2018 को श्री रूपल जैन पिता मनोहरलाल जैन तथा श्रीमती रुपाली जैन पति श्री रूप्पल जैन को संयुक्त रूप से निष्पादित करवाया था। श्री प्रकाशचन्द्र गुप्ता पिता श्री मिठूलाल गुप्ता का स्वर्गवास दिनांक 20.02.2020 को तथा श्री रूपल जैन पिता मनोहरलाल जैन का स्वर्गवास दिनांक 10.05.2021 को हो चूका है। श्रीमती रुपाली जैन पति स्व. श्री रूपल जैन दिनांक 02.11.2018 को किए विक्रय पत्र के आधार पर भवन का नामान्तरण अपने नाम करवाना चाहती है।

अत : इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/परिवार के सदस्य/वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति/उर्ज हो तो वह विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस में मय ठोस प्रमाण के कार्यालय में प्रस्तुत करे समयावधि व्यतीत हो जाने पर भवन क्रमांक M.I.380 किटियानी मंदसौर का नामान्तरण श्रीमती रुपाली जैन पति स्व. श्री रूपल जैन के नाम से कर दिया जावेगा उसके पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति/ उर्ज मान्य नही होगा।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास
मंडल संभाग–रतलाम (मप्र)


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीडिया एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in